स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री ग्राम अमोदा में गौवर्धन पूजा कार्यक्रम में हुए शामिल

गाडरवारा, देशबन्धु। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह गाडरवारा तहसील के ग्राम अमोदा में गणेशघाट पर भगवान गोवर्धन एवं गौमाता पूजन कार्यक्रम में शनिवार को शामिल हुए। मंत्री श्री सिंह ने गौमाता का पूजन किया और उन्हें मिष्ठान आदि खिलाया। इस दौरान उन्होंने महाराज श्री संतोष दास त्यागी बाबा जी से आशीर्वाद लिया और भंडारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की।

कार्यक्रम में मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गौ संवर्धन एवं संरक्षण के लिए तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार हमारी संस्कृति और विरासत को सहजने का कार्य कर रही है। गोवर्धन पूजा, पर्यावरण और पशुधन-संरक्षण का भी संदेश देता है। सनातन संस्कृति में गोवर्धन पूजा का अपना महत्व है। मंत्री श्री सिंह ने यहाँ उपस्थित जनों से आव्हान करते हुए कहा कि हम सब यह प्रयास करें कि कोई भी निराश्रित गौवंश सड़कों पर विचरण नहीं करें। हम गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन करने में सहभागी बनें।

इस अवसर पर पूर्व विधायक साधना स्थापक, अन्य जनप्रतिनिधि, पशुपालन विभाग के अधिकारी- कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और ग्रामीणजन मौजूद थे।

जिले की समस्त गौशालाओं में हुआ गोवर्धन पूजन का कार्यक्रम

विधायक ने सगौरिया गौशाला में किया गोवर्धन पूजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल शनिवार को ग्राम पंचायत सगौरिया की गौशाला में गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने यहां गौ माता का पूजन किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें बनाया है हमें प्रकृति की पूजा करनी चाहिए तथा प्रकृति की रक्षा भी करनी चाहिए। गौसेवा हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिये। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री भैयाराम पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्री धनंजय पटेल, श्री अवधेश प्रताप सिंह पटेल, श्री रमाकांत शर्मा, डॉ. हरगोविंद पटेल, श्री प्रताप कौरव, सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

श्रीनगर में गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक नागेश- गोटेगांव विधायक श्री महेन्द्र नागेश ग्राम पंचायत श्रीनगर में गौ सेवा केन्द्र में गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गौ माता की पूजा की और उन्हें मिष्ठान व फल खिलाये। कार्यक्रम में विधायक श्री नागेश ने कहा कि हमारे देश में गौ माता को लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। जिस प्रकार लक्ष्मी माता सुख और समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी सुख और समृद्धि प्रदान करती है। गौ-संवर्धन समाज की सांस्कृतिक जड़ों को भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने निर्णय लिया है कि गौशाला में गाय पालने के लिए एक गाय के लिए 20 रूपए मिलता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 40 रूपए कर दिया गया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी, गौपालक मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में गोवर्धन पूजा कार्यक्रम आयोजित किये गये। गोवर्धन पूजा के अवसर पर जिले की सभी गौशालाओं में गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिथियों ने गौशालाओं में गोवर्धन पूजा एवं गौ पूजन किया।

सार-समाचार

गायत्री मंदिर सदर में दीवाली उत्सव आयोजित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। योग समिति के तत्वाधान में सभागृह गायत्री मंदिर सदर नरसिंहपुर में दीपावली उत्सव का गरिमामय आयोजन किया गया। अतिथियों ने दीप व रोशनी जलाकर मां लक्ष्मी मां भारती की वंदना की।पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी ने दीवाली की ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि पर अपने विचार रखते हुये उत्सव की महत्वता पर प्रकाश डाला। ओज कवि गुरुवर अशोक त्रिपाठी ने कहा कि दीपावली अंधेरों पर उजालों का विजय पर्व है।हम निरंतर जन सेवा और देशभक्ति के दीप जलाते रहें। दीपों के सम्मान में कविवर त्रिपाठी ने शानदार काव्य पाठ करते हुये राष्ट्रभक्त दीपों को कुछ इस तरह से याद किया...उजला उजला कर्मयोग निष्काम लिख देना,धरती के कण कम में तुम राम लिख देना,सदा उजाला देने हमको जो हरदम जलते हैं,देशभक्त उन दीपों का पैगाम लिख देना।गायक गीतकार सुधीर दुबे ने...ज्योति से ज्योति जलाते चलो प्रेम की गंगा बहाते चलो,.. सुमधुर गीत गाकर कार्यक्रम में आनंद की बर्षा की।डा.केदार गुप्ता ने मन के रावण को जलाने का संदेश देकर दीपों से जुड़ने का आव्हान किया।योगाचार्य एन सी जैन ने प्रेम नेह सेवा सद्भाव और मानवता के दिये जलाने का सुंदर संदेश दिया।

संचालन अशोक त्रिपाठी ने तो आभार प्रदर्शन गुरमुख माखीजा ने किया। कार्यक्रम में पं.सी बी शर्मा जे के पटेल एन सी जैन शरद साहू शिव प्रसाद साहू आर के पटवा अशोक नेमा राजेश जाट रामकुमार जाट केदार गुप्ता जी के चतुर्वेदी सुधीर दुबे के के पालीवाल गुरमुख माखीजा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

गो पूजन एवं महाप्रसादी का आयोजन 10 नवंबर को

गाडरवारा, देशबन्धु। स्थानीय दयोदय गौशाला परिसर डमरू घाटी के पास प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी गोपाष्टमी पर गोपूजन एवं महाप्रसाद जी का आयोजन 10 नवंबर रविवार को प्रात: 10.30 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर प्रात: 11:00 बजे से 4 तक किया गया है।

पुलिस ने काम्बिंग गश्त में 56 वारंटी पकड़े, की सघन चैकिंग

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कॉम्बिंग गश्त के दौरान छिन्दवाडा पुलिस की बडी सफलता मिली। मोहखेड टीम ने 02 वांछित अपराध के अपराधियों को दबिश देकर पकडा, साथ ही अन्य छह पुलिस टीम ने 11 स्थायी, 45 गिरफ्तारी सहित कुल 56 वारंटियों को किया गिरफ्तार किया गया जिसमें 103 गुण्डा, 78 निगरानी, 13 जिला बदर अपराधी, 19 जेल से रिहा आरोपियों एवं 45 कबाड़ियों की सघन चेकिंग की गई। इसी प्रकार अवैध शराब की तस्करी, खुले स्थान मं शराब पीने वाले 18 व्यक्तियों से 154 लीटर अवैध शराब जप्त कर कार्यवाही की गई। थाना क्षेत्र में गुम व्यक्ति की तलाश कर 09 गुम इंसान को किया दस्तयाब किया गया।

प्रदेश स्तरीय रात्रि काम्बिंग गश्त के संबंध में पुलिस मुख्यालय भोपाल म.प्र. द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं फरार वारंटियों को पकड़ने/कानून व्यवस्था बनाये रखने, आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री द्वारा विशेष मुहीम चलाई जा रही है, जिसमें कल 03 नवम्बर 24 की रात्रि काम्बिग गस्त के दौरान छिन्दवाड़ा पुलिस ने 06 पुलिस टीम व 01 तकनीकी टीम सहित कुल 07 टीम गठित की। महाराष्ट्र बार्डर से जुडे थाना क्षेत्र बिछुआ एवं मोहखेड में जिला पान्दुर्ना पुलिस के सहयोग से नाके (पुलिस चेकिंग बेरियर) लगाये गए। इस दौरान छिंदवाड़ा पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के छिंदवाड़ा शहर एवं देहात क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त किया गया, कॉम्बिंग गश्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग-अलग स्थानों पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ किया गया उसके बाद अलग-अलग क्षेत्रो में कॉम्बिंग गश्त के लिये रवाना किया। पुलिस टीम द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ हेतु प्रत्येक थाने में गठित की गई पुलिस टीमों द्वारा वारंटियो को पकड़ने व गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए एक ही रात्रि में औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर थाना मोहखेड पुलिस टीम द्वारा बडी सफलता हासिल करते हुए वांछित अपराध के आरोपी निलेश पिता रघुनाथ पवार उम्र 24 साल निवासी चारगांव, पवन पिता चैतराम डोंगरे उम्र 32 साल निवासी तन्सरामाल (मोहखेड़) को दबिश / घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया इसके अतिरिक्त अन्य टीमों द्वारा 11 स्थाई व 45 गिरफ्तारी इस प्रकार कुल 56 वारंटियो को दबिश / घेराबंदी / नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया गया ।

जिले में सर्वाधिक वारंट की तामीली के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चौरई सौरभ तिवारी के नेतृत्व में थाना चौरई द्वारा सर्वाधिक वारंट तामील किया गया, जिसमे 08 गिरफ्तारी वारंट 03 स्थातयी वारंटियों को गिरफ्तार किया व थाना चांद द्वारा 02 गिरफ्तारी वारंटी व 01 स्थायी वारंटियो को गिरफ्तार किया, नगर पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय राणा के नेतृत्वव में थाना कोतवाली द्वारा 05 गिरफ्तारी वारंटियो को गिरफ्तार किया, सभी गिरफ्तार वारंटियो को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त सभी टीमों के द्वारा किया गया कार्य सराहनीय एवं महत्वपूर्ण है।

मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर में मनाया गया दीपोत्सव

नरसिंहपुर, देशबन्धु। माता लक्ष्मी यश कीर्ति वैभव सहित हमें सम्पन्नता का वरदान देती है। दीपावली का पर्व सुचिता का पर्व है।हम हमारे बाहरी वातावरण को साफ सुथरा रखते हुए भीतरी मन बुद्धि को भी उजला उजला रखें। दीपावली अंधेरों में उजालों का दीपोत्सव पर्व है।हम सब मिलकर दया प्रेम भाईचारा सहयोग सद्भाव सत्कर्म सेवा और सम्पूर्ण मानवता के मिट्टी के दीप जलायें। उक्ताशय के विचार अतिथि साहित्यकार ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने मंदिर समिति द्वारा आयोजित दीपोत्सव आयोजन में व्यक्त किये। कविवर अशोक त्रिपाठी ने आयोजन में अपना गरिमामय काव्यपाठ यूं किया...खरीदें दीप माटी के तो रज का मान बढ़ जाये,स्वदेशी धरा धारा का भी सम्मान बढ़ जाये,जलायें दीप खुशियों के दुखों की राह में मिलकर,मिले जब रोशनी जीभर वतन की शान बढ़ जाये।

मंदिर आयोजन समिति से गुरुवर नारायण प्रसाद साहू ने दीपावली त्यौहार और दीपोत्सव पर प्रकाश डालते हुये सभी को शुभकामनाएं दीं। पं.मनीष गिरदोनिया ने पूजन अर्चन सहित हनुमान जी का चोला वंदन किया।भजन संकीर्तन के साथ ही संचालन एन पी साहू ने व आभार प्रदर्शन जे पी श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में महेश नेमा बी डी रूसिया, दिनेश श्रीवास्तव गिरीश पटेल मनोज बाजपेई श्रीमती भागवती रामायणी एस के तिवारी दिनेश विश्वकर्मा ओ पी राय ओमप्रकाश पंड्या रामचरण कश्यप एंड अजय साहू सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

रंगोली से बनाई श्रीकृष्ण यशोदा मइया की मनमोहक आकृति

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आज के इस आधुनिक युग में भी ऐसे कलाकार है जो जीवंत चित्रकारी बनाने में पीछे नहीं है। ऐसे ही एक छिन्दवाड़ा शहर की कलाकारा पूजा चौरसिया जो गृहणी है उसके द्वारा स्थानीय पोला ग्राउण्ड में रांगोली से अद्भुत चित्रकारी बनाई गई है जो एक नजर देखकर लगता है कि पेंटिंग है लेकिन यह बोलती तस्वीर को पूजा चौरसिया ने रंगोली से तैयार किया है जिसे देखने के लिए अनेक लोग वहां पहुंचे और कलाकार की प्रशंसा की।

8 महीने और बंद रहेगी रीवा इतवारी ट्रेन से यात्री परेशान

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। रीवा-इतवारी ट्रेन का परिचालन आठ महीने तक और बंद रहेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत छिंदवाड़ा-इतवारी रेल सेक्शन में भंडारकुंड से भिमालगोंदी के बीच बने ब्रिज नंबर-94 में आई दरार के बाद रेलवे ने रीवा-इतवारी ट्रेन के परिचालन पर रोक लगा दी है। अगस्त माह से ट्रेन बंद चल रही है। वहीं नागपुर शहडोल ट्रेन को वाया आमला होकर चलाया जा रहा है। इस वजह से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि यात्रियों की यह परेशानी अब खत्म होने वाली है। दरअसल रेलवे ने ब्रिज निमार्ण का कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण कार्य का ठेका एक निजी कंपनी को दिया गया है। जिसके बाद कंपनी ने कार्य भी शुरू कर दिया है। जिले पूरा होने में लगभग 8 महीने का समय लगेगा। दक्षिण मध्य पूर्व रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि ब्रिज निर्माण कार्य में लगभग 8 माह का समय लग जाएगा। अक्टूबर माह के अंत में कार्य शुरू किया गया है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि इस वर्ष रीवा-इतवारी ट्रेन का परिचालन नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि अगस्त के अंतिम सप्ताह में भंडारकुंड व भिमालगोंदी के बीच बने ब्रिज क्रमांक 94 में दरार आ गई थी। जिसके बाद रेलवे ने रीवा इतवारी व शहडोल नागपुर ट्रेन को बंद कर दिया था। कुछ दिन बाद रेलवे ने नागपुर शहडोल ट्रेन को परिवर्तित मार्ग वाया आमला, जुन्नारदेव छिंदवाड़ा होते हुए शहडोल के लिए शुरू किया। लेकिन रीवा इतवारी को शुरू नहीं किया गया। बार बार रेलवे द्वारा इसकी निरस्त की तिथि को आगे बढ़ाया जा रहा है जिससे काफी संख्या में रीवा से मरीज नागपुर ट्रेन से जाते थे और यात्री भी जाते थे जिससे काफी परेशानी हो गई है।

68वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

गाडरवारा, देशबन्धु। बीते रविवार को 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ स्थानीय रूद्र कॉलेज मैदान मे भव्य तरीके से किया गया। उल्लेखनीय है कि 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में राज्य स्तरीय 68 वीं शालेय कबड्डी प्रतियोगिता 6 नवम्बर तक आयोजित की जायेगी।

इस प्रतियोगिता में जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, रीवा, सागर व जबलपुर संभाग के खिलाड़ी और ऑफीशियल्स भाग लें रहे हे।प्रतियोगिता के उदघाटन कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती का पूजन कर किया गया तत्पश्चात कन्या शाला की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम मे अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं टैगोर विद्या निकेतन के विद्यार्थियों द्वारा निकाले गए मार्च पास्ट को सलामी दी।

कार्यक्रम मे मंचीय स्वागत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सम्पूर्ण प्रतियोगिता से जुडी जानकारी दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व रास सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि कब्बड्डी प्राचीन खेल हे जो लम्बे समय से सभी खेलते आये हे। बड़े ही प्रसन्नता की बात हे कि राज्य स्तरीय आयोजन जिले मे हो रहा हे एवं इसी माह राष्ट्रीय आयोजन भी होना हे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि ये प्रतियोगिता राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी की रिहर्सल हे।

इस प्रतियोगिता मे संभागों से उत्कृष्ट खिलाड़ी शामिल हो रहे हे इसलिए अपने घरों से बच्चों को भी मेचों को दिखाने साथ लाएँ जिससे कि वे भी कुछ सीख सकें। उन्होंने छात्र छात्राओं से बेहतर प्रदर्शन करने एवं मीडिया कर्मियों से भी खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु बेहतर कवरेज देने की अपील की। कार्यक्रम मे सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग मे हमेशा से ही छात्र छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन होता रहा हे। मेरे संसदीय क्षेत्र मे इस तरह का आयोजन होना बेहद अच्छी बात हे। नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि नगर मे राज्य स्तरीय कब्बडी प्रतियोगिता हेतु बेहतर सुविधाएं सभी के सहयोग से दी जा रही हे। हमारा प्रयास हे कि नगर मे बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। अतिथियों के उदबोधन उपरांत खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गईं एवं मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता शुरू होने की घोषणा की गईं एवं गुब्बारे छोड़े गए।

उदघाटन कार्यक्रम का मंच संचालन दीपक अग्निहोत्री, मनीष शंकर तिवारी, अर्पणा ब्राउन एवं पवन राजोरिया ने किया। प्रतियोगिता का प्रथम मैच रीवा एवं शहडोल संभाग के मध्य खेला गया जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों ने टास कराकर खिलाड़ियों से परिचय लिया। मैच मे रीवा संभाग ने शहडोल को 25-7 से हराया। उदघाटन कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोड़िया, पूर्व विधायक साधना स्थापक, नरेश पाठक, नपा अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज दुबे, मिनेंद्र डागा, अंजू शुक्ला, मुकेश मरैया, राव संदीप सिंह, प्रियांक जैन, विक्रांत पटैल, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, एसपी मृगाखी डेका, सहायक कलेक्टर शुभम यादव, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण डॉ प्राचीस जैन, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार, डीपीसी आर पी चतुर्वेदी सहित गणमान्य नागरिक, समाजसेवी सहित शिक्षक, छात्र छात्राएँ एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे।

वरिष्ठ जन परिषद ने मनाया दीवाली दीपोत्सव

नरसिंहपुर, देशबन्धु। राम जानकी मंदिर धनारे कालोनी नरसिंहपुर में वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर दीपोत्सव मनाया गया। मां लक्ष्मी के पूजन वंदन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

वरिष्ठ सदस्यों ने दीप जलाकर जगमग रोशनी की।उदबोधन के क्रम में डा.महेश त्रिपाठी एड.चौधरी जोगेन्दर सिंह प्रेमशंकर राघव देवेन्द्र दुबे राजेन्द्र शर्मा यूएस उपाध्याय पं.एम एल हरदेनिया एस के चतुर्वेदी अशोक वर्मा अरूण खरे सहित परिषद अध्यक्ष गणेश कुमार चतुर्वेदी ने दीवाली उत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुये दया प्रेम परोपकार सेवा सहित खुशी आनंद के साथ दीप जलाने की प्रेरणा दी।

ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने अपने प्रेरणादायी कविता पाठ से उजले उजले दीप जलाने का आव्हान यूं किया...नित प्रगति की राह पर विज्ञान रोशन हो,आपका भी ख्वाब और अरमान रोशन हो,ओ पुजारी दीप दीपावली वतन के,जलाओ दीप अब ऐसे कि हिन्दुस्तान रोशन हो।

दीपोत्सव पर अनेक वरिष्ठ जनो ने अपने सुविचार रखे।उक्त अवसर पर परिषद के लोकप्रिय सदस्य पं.सुधीर दुबे और धनराज साहू का आयोजन समिति द्वारा पुष्पमाला शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान और नागरिक अभिनंदन किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें बधाईयां प्रेषित कीं।

केदार गुप्ता मदन श्रीवास्तव दिनेश श्रीवास्तव आर के नेमा महेश नेमा आर के मेहरा,बी एस मेहरा श्रवण पटेल रमाकांत गुप्ता सतीश गुप्ता आदित्य शर्मा संतोष शर्मा भवानी शर्मा विजय शर्मा दिनेश कटारे राजेन्द्र पटेल रामसेवक श्रीवास आर के पटवा अनिल राय पहलाद पटेल सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित थे।आयोजन का रोचक सरस संचालन कविवर अशोक त्रिपाठी ने किया आभार प्रदर्शन पं.सी बी शर्मा ने किया।

पश्चिमी न्यूटन में लगा मड़ई मेला

परासिया, देशबन्धु। न्यूटन चिखली वार्ड नं 8 सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर ग्राउंड में अहीरी मड़ई मेला दीपावली की दूज में आयोजित किया गया। मड़ई मेला का इतिहास सवा सौ साल पूर्व का है विगत 30 वर्षो से मेला संचालित नहीं हो रहा था इस वर्ष से पुन: प्रारंभ किया गया, जिसमे सर्वप्रथम वार्ड नं 10 निवासी तुलसा बाई यादव के परिवार साथ आयोजन समिति ढोल नगाड़ों के साथ चंडी माता का ध्वज नगर भ्रमण कर मेला स्थान पहुचे। चंडी माता को ध्वज अर्पित कर माल देव का विधिवत पूजन किया गया।

वैष्णवी जागरण ग्रुप द्वारा भजन प्रस्तुती दी गई जहां जेरी के खंभे में ईनाम भी रखा गया था, क्षेत्र की 5 अहीरी टीम ढोल नगाड़ों के साथ मेले में उपस्थित हुई, जनता जनार्दन ने अहीरी नृत्य का आनंद लिया। दुर्गावाहिनी सदस्यों द्वारा दंड का प्रदर्शन किया गया। मेले में बच्चों के लिये झूले आकर्षण का केंद्र रहे, भजन कलाकारों, अहीरी नृत्य दल सदस्यों को अतिथियों द्वारा श्री फल गमछा और नगद राशि पुरुस्कार के रूप में दी गई, प्रसाद वितरण कराया गया।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए